

## आईपीएल की फॉर्म तय करेगी वर्ल्ड कप में वापसीः डि विलियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
सिडनी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डि विलियर्स ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले विश्व कप से पहले टीम में वापसी आईपीएल की फॉर्म पर निर्भर करेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक वेबसाइट 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से 35 साल के इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि वह संन्यास लेने के दो साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना चाहेंगे। डि विलियर्स इन दिनों आस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेल रहे है। उन्होंने कहा, मैं वापसी करना चाहूंगा। मैं मार्क बाउचर (दक्षिण अफ्रीका के कोच), ग्रीम स्मिथ (क्रिकेट निदेशक) और फाफ डु प्लेसिस (कप्तान) से बात कर रहा हूं। हम सब चाहते है कि वापसी हो।'

उन्होंने कहा, अभी काफी समय बचा है और काफी कुछ हो सकता है। आईपीएल भी होना है। मुझे उस समय फॉर्म में रहना होगा। इसलिए मैं अपना नाम संभावित खिलाड़ियों में शामिल करना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं कि सब कुछ ठीक हो।

# वॉर्नर-फिंच से पस्त विराट सेना 15 साल की सबसे बड़ी हार

## ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को दी 10 विकेट से करारी शिकस्त

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मैच से पहले कागजों पर मजबूत दिख रही भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 10 विकेट से करारी मात दी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम के 255 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंगारू टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 40 ओवरों में ही टारगेट हासिल कर लिया। दोनों बल्लेबाजों ने वानखेड़े में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी निभाते हुए कंगारू टीम को यह शानदार जीत दिलाई। बीते 15 सालों में भारतीय टीम की 10 विकेट से यह पहली हार है। इससे पहले कोलकाता के ईडन गार्डन में 2005 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। उस



मैच में अफ्रीकी टीम को भारत ने 189 रनों का लक्ष्य दिया था।

**पारी की शुरुआत करने उतरे डेविडः** वॉर्नर ने अपने करियर का 18वां शतक जड़ा, जबकि एरोन फिंच ने 16वीं सेंचुरी जमाई। दोनों शतकवीरों ने भारतीय गेंदबाजी बखिया उधड़ेते हुए शानदार अंदाज में बल्लेबाजी की। डेविड वॉर्नर 128 और एरोन फिंच 110 रन बनाकर नाबाद लौटे। एक तरफ भारतीय टीम उम्मीद से कम रन बना सकी और शिखर धवन के अलावा कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी भी नहीं जमा सका। दूसरी तरफ गेंदबाज भी विकेटों के लिए तरसते नजर आए।

**वहर्नर-फिंच के बल्लों से रेकॉर्ड भी बरसेः** डेविड वॉर्नर और एरोन फिंच के बल्ले से रनों के साथ रेकॉर्ड भी बरसे। दोनों ने भारत के खिलाफ पहले विकेट के लिए किसी भी टीम की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी का रेकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रेकॉर्ड दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी गैरी कर्स्टन और हर्शल गिब्स के नाम था। जिन्होंने 2000 में कोच्चि में भारत के खिलाफ यह कारनामा किया था।

**सिर्फ शिखर धवन ही पूरे कर सके 50 रनः** टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था और उसका यह फैसला उस वक्त सही साबित हुआ, जब महज 13 के स्कोर पर रोहित शर्मा पविलियन लौट गए। उनके बाद शिखर धवन और केएल राहुल ने मोर्चा संभाला और 121 रनों की साझेदारी की। हालांकि 134 के स्कोर पर केएल राहुल के 47 रनों पर आउट होने और फिर 74 रन बनाकर शिखर धवन के पविलियन लौटने के बाद विकेट पतझड़ की तरह गिरते रहे। 49.1 ओवर में मोहम्मद शमी के आउट होने के साथ ही टीम इंडिया 255 रन बनाकर पविलियन लौट गई।

## सिर में चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में फील्ड पर नहीं उतरे पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के सिर में चोट लग गई। इसके चलते वह ऑस्ट्रेलियाई पारी में विकेटकीपिंग के लिए नहीं उतरे और उनके स्थान पर केएल राहुल ने स्टंप्स के पीछे मोर्चा संभाला।

पंत की चोट को लेकर बीसीसीआई ने बयान जारी कर बताया, 'ऋषभ पंत के हेलमेट पर बल्लेबाजी करते समय गेंद लगी, जिससे परेशानी हो रही थी।

उनकी अनुपस्थिति में केएल राहुल ने विकेटकीपिंग का जिम्मा संभाला। पंत अभी निगरानी में हैं। बता दें कि भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255



रन बनाए थे। पंत ने 33 गेंदों पर 28 रनों की पारी खेली, लेकिन इस अहम मौके पर बड़ी इनिंग नहीं खेल सके।

पंत के स्थान पर क्षेत्ररक्षण के लिए मनीष पांडेय को मैदान में भेजा गया है। क्रिकेट बोर्ड की ओर से मैच के बाद ऋषभ पंत की चोट को लेकर जानकारी साझा की जा सकती है।

## न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय महिला हाकी टीम की अगुवाई करेगी रानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल 25 जनवरी से आकलैंड से शुरू हो रहे भारतीय महिला हाकी टीम के न्यूजीलैंड दौरे पर 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेगी। हाकी इंडिया ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। गोलकीपर सविता भारतीय टीम की उपकप्तान होगी । दौरे पर पहला मैच 25 जनवरी को न्यूजीलैंड की युवा टीम से खेलना है। इसके बाद 27 और 29 जनवरी को न्यूजीलैंड टीम से मुकाबले होंगे। भारतीय टीम चार फरवरी को ब्रिटेन से भी खेलेगी । वहीं दौरे का आखिरी मैच पांच फरवरी को न्यूजीलैंड से खेलना है। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा ,'' मैं इस दौरे का इस्तेमाल टीम के भीतर अधिक प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिये करूंगा । हम 20 खिलाड़ियों को लेकर जा रहे हैं लेकिन कुछ मैचों में 16 खिलाड़ियो को ही उतारेंगे क्योंकि ओलंपिक में 16 सदस्यीय टीम ही होती है।'' उन्होंने कहा ,'' खिलाड़ियों को दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' टीम : रानी रामपाल (कप्तान), सविता , रजनी ई, दीप ग्रेस, गुरजीत, रीना खोकहार, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, निशा, नमिता टोप्पो, उदिता, मोनिका, लिलिमा मिंज, नेहा, सोनिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी, वंदना कटारिया, नवजोत कौर ।

## न्यूज डायरी




### महिला टी20 वर्ल्ड कप का पूरा शेड्यूल और टाइमिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सातवां आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप इस साल 21 फरवरी से 8 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 10 टीमें भाग ले रही हैं। इसका फाइनल ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर करेंगी। हरमनप्रीत महिला बिग बैश लीग में खेल चुकी हैं। भारतीय टीम में बंगाल की ऋचा घोष और 15 वर्षीय हरियाणा की स्कूलगर्ल शेफाली वर्मा भी शामिल हैं। यह इन दोनों का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट की मौजूदा चैंपियन है। वह इस टूर्नामेंट की सबसे कायमाब टीम है। उसने यह टूर्नामेंट चार बार जीता है। आईसीसी महिला वर्ल्ड टी20 का आयोजन हर चार साल में करवाता है।

### जंगलों में लगी आग से निकले खतरनाक धुंए का असर ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग से निकले खतरनाक धुंए का असर ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों पर पड़ा जब मंगलवार को एक क्वॉलिफायर सांस लेने में तकलीफ के कारण रिटायर हो गई जबकि यूजीनी बूचार्ड को चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी। मेलबर्न में हवा की गुणवत्ता का स्तर इस समय बेहद खराब है और नगर प्रशासन ने इसे खतरनाक करार दिया है। इन हालात में साल के पहले ग्रैंडस्लैम के क्वॉलिफाइंग मुकाबले देर से शुरू हुए। स्लोवेनिया की डालिला जाकुपोविच को स्विटजरलैंड की स्टेफनी वोएजेले के खिलाफ मैच में बार बार खांसी आने के बाद पीछे हटना पड़ा। वहीं बूचार्ड को छाती में तकलीफ के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। बाद में उन्होंने तीसरा सेट और मैच जीता। मारिया शारापोवा को भी एक नुमाइशी मैच में बार बार खांसी के कारण ब्रेक लेना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग में कम से कम 27 लोग मारे जा चुके हैं और 2000 से अधिक घर तहस नहस हो गए।

### आर्चर पर नस्लवादी टिप्पणी करने वाले शख्स पर न्यू जीलैंड में दो साल का प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर एक टेस्ट के दौरान नस्लवादी टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर न्यू जीलैंड में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। आर्चर पर इंग्लैंड और न्यू जीलैंड के बीच नवंबर में खेले गए टेस्ट के आखिरी दिन नस्लवादी टिप्पणी की गई थी। पुलिस ने ऑकलैंड के रहने वाले उस 28 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ लिया जिसने यह टिप्पणी की थी। उसे मौखिक चेतावनी भी दी गई। न्यू जीलैंड क्रिकेट के प्रवक्ता एंथोनी क्रमी ने कहा कि वह व्यक्ति 2022 तक न्यू जीलैंड में कोई अंतरराष्ट्रीय या घरेलू मैच नहीं देख सकेगा। इसका उल्लंघन करने पर उसे पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। क्रमी ने कहा, 'हम जोफ्रा और इंग्लैंड टीम प्रबंधन से उस अप्रिय घटना के लिए फिर माफी मांगते हैं।

### डब्ल्यूटीए सर्किट पर जीत के साथ लौटी सानिया मिर्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** होबार्ट। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने डब्ल्यूटीए सर्किट पर जीत के साथ वापसी की। उन्होंने होबार्ट इंटरनैशनल टूर्नामेंट में यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ महिला युगल क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो साल बाद कोर्ट पर लौटी सानिया और यूक्रेन की नादिया किचेनोक ने जॉर्जिया की ओकसाना के और जापान की मियू कातो को एक घंटे 41 मिनट तक चले मुकाबले में 2-6, 7-6, 10-3 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की वानिया किंग और क्रिस्टिना मैकहेल से होगा। अमेरिकी जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त स्पेन की जार्जिना गार्सिया पेरेज और सारा सौरिबेज तोरमो को 6-2, 7-5 से मात दी। सानिया और किचेनोक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने दो बार डबल फॉल्ट किए। इसके साथ ही सात ब्रेक पॉइंट में से एक भी नहीं भुना सकीं। इसकी वजह से पहला सेट गंवा दिया।